भारत की प्राकृतिक वनस्पति

Q1.देश के सर्वाधिक क्षेत्रफल पर किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?

A.पर्वतीय वन

B.उष्णार्द्र सदाबहार वन

C.आर्द्र मानसूनी वन

D.उष्णार्द्र पतझड़ वन

Ans: D

Q2.देश के उन भागों में जहाँ औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से अधिक तथा वार्षिक औसत तापमान 24°C के आसपास, वर्ष भर आर्द्रता 70%'' तक रहती है, किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?

A.पर्वतीय वन

B.उष्णार्द्र सदाबहार वन

C.आर्द्र मानसूनी वन

D.उष्णार्द्र पतझड़ वन

Ans: B

Q3.देश के 100 से 200 सेमी. औसत वार्षिक वर्षा वाले भागों में किस प्रकार की वनस्पति पायी जाती है ?

A.उष्णार्द्र सदाबहार वन

B.मैंग्रोव वन

C.उष्णार्द्र पतझड़ वन

D.मरुस्थलीय वन

Ans: C

Q4.50 सेमी. से कम औसत वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में सामान्यतया किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?

A.उष्णार्द्र मानसूनी वन

B.उष्णार्द्र पतझड़ वन

C.आर्द्र मानसूनी वन

D.मरुस्थलीय वन

Ans: D

Q5.दलदली अथवा ज्वार-भाटा क्षेत्रों में पाए जाने वाले वन को क्या कहा जाता है ?

A.मैंग्रोव वन

B.शोला वन

C.मानसूनी वन

D.पतझड़ वन

Ans: A

Q6.सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

सूची-I वार्षिक वर्षा A. 100 से 200 सेमी° B. 50 से 100 सेमी. C. 50 सेमी. से कम D. 200 सेमी. से अधिक

सूची-II (वनों के प्रकार) 1. उष्ण आर्द्र सदाबहार वन 2. उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन 3. उष्णकटिबंधीय शुष्क वन 4. मरुस्थलीय एवं अर्द्ध मरुस्थलीय वन

A.A → 2, B → 3, C → 1, D → 4

B.A → 2, B → 3, C → 4, D → 1

C.A → 1, B → 4, C → 3, D → 2

D.A → 4, B → 1, C → 2, D → 3

Ans: B

Q7.निम्नलिखित में से कौन उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की अपेक्षा शीतोष्ण कटिबंधीय वनों का उपयोग को अधिक आसान बनाता है ?

1. बाजार से निकटता 2. अधिक मुलायम लकड़ी 3. अधिक लम्बे वृक्ष 4. समरूपता नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर चुनिए –

A.1 और 3

B.2 और 4

C.2 और 3

D.3 और 4

Ans: B

Q8.निम्न में से किन पहाड़ियों पर उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन पाए जाते हैं ?

A.नीलगिरि पहाड़ियां

B.अरावली पहाड़ियां

C.राजमहल पहाड़ियां

D.शिवालिक पहाड़ियां

Ans: A

Q9.निम्नलिखित में से कौन – सा राज्य शहतूत रेशम उत्पादित करता है ?

A.ओड़िशा

B.कर्नाटक

C.पश्चिम बंगाल

D.जम्मू–कश्मीर

Ans: B

Q10.गंगा–ब्रह्मपुत्र के डेल्टाई क्षेत्रों में किस वृक्ष की अधिकता के कारण इसे 'सुंदरवन' कहा जाता है ?

A.चन्दन

B.शीशम

C.सुन्दरी

D.इनमें से सभी

Ans: C

Q11.भारत में चन्दन की लकड़ी के लिए प्रसिद्ध राज्य है –

A.असम

B.केरल

C.कर्नाटक

D.प. बंगाल

Ans: C

Q12.भारत के किस भौतिक प्रदेश में ऊष्ण कटिबन्धीय से लेकर अल्पाइन प्रकार की वनस्पति मिलती है ?

A.दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार

B.उत्तर का विशाल मैदान

C.उ. का हिमालय पर्वतीय प्रदेश

D.तटीय मैदान

Ans: C

Q13.भारत में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक वन है –

A.उष्ण कटिबन्धीय सदाबाहर वन

B.उष्ण कटिबन्धीय पतझड़ वन

C.उष्ण कटिबन्धीय अर्द्ध सदाबहार वन

D.कोणधारी वन

Ans: C

Q14.भारत के वनों में उष्ण कटिबन्धीय और शीतोष्ण कटिबन्धीय वन का योगदान क्रमश: है –

A.90%'' व 10%''

B.93%'' व 7%''

C.95%'' व 5%''

D.97%'' व 3%''

Ans: B

Q15.भारत में प्रमुख वनस्पति कौन – सी है ?

A.पतझड़ वन

B.वर्षा वन

C.कांटेदार झाड़ियाँ

D.सबाना

Ans: A

Q16.निम्नलिखित में से कौन – सा राज्य तेंदु पत्ते का मुख्य उत्पादक है ?

A.ओड़िशा

B.महाराष्ट्र

C.मध्य प्रदेश

D.उत्तर प्रदेश

Ans: C

Q17.भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक में मैंग्रोव वन, सदापर्णी वन और पर्णपाती वनों के संयोजन है ?

A.उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश

B.दक्षिण पश्चिम बंगाल

C.अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

D.दक्षिण सौराष्ट्र

Ans: C

Q18.जो वन चक्रवातों के अवरोधकों का कार्य करते है, वे वन कौन–से हैं

A.मैंग्रोव वन

B.मानसून वन

C.अल्पाइन वन

D.एबरग्रीन वन

Ans: A

Q19.गंगा ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र का वन निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

A.मानसून वन

B.वर्षा वन

C.पतझड़ वन

D.सुंदर वन

Ans: D

Q20.निम्नलिखित नदी डेल्टाओं में से किन पर मैंग्रोव वन पाए जाते हैं ? 1. नर्मदा 2. स्वर्णरेखा 3. कृष्णा 4. गंगा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनी –

A.1 और 3

B.3 और 4

C.2 और 4

D.2,3 और 4

Ans: D